पत्रांक–प्र022 / भ0वि0प्राक्क0–424 / 24–
बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग ।

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक–

विषय– SITC of VRV/VRF AC at 5th floor East side of Vishweshwariaya Bhawan, Patna हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल राशि ₹ 60,48,424/– (साठ लाख अड़तालिस हजार चार सौ चौबीस) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कार्य हेतु विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना के द्वारा तकनीकी रूप से अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर कुल ₹ 60,48,424/– (साठ लाख अड़तालिस हजार चार सौ चौबीस) मात्र की लागत पर उपरोक्त विषयांकित कार्यो के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाती है ।

2. इस कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि मांग संख्या–03 के मुख्यशीर्ष–4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–उपमुख्यशीर्ष–01–कार्यालय भवन– लघुशीर्ष–051– निर्माण– उपशीर्ष– 0101– भवन विषय शीर्ष–53– मुख्य कार्य–0101.53.01– मुख्य निर्माण कार्य, विपत्र कोड–03–4059010510101 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा ।

3. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित होगा ।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना होगें ।

5. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी ।

6. प्रस्तुत योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार द्वारा संचिका संख्या–प्र022 / भ0वि0प्राक्क0–424 / 24 के पृष्ठ–21 / टि0 पर दिनांक–24.03.2026 को प्रदान की गयी है ।

7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में इस योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है ।

8. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र022 / भ0वि0प्राक्क0–424 / 24 के पृष्ठ–21 / टि0 पर प्राप्त है ।

9. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि (2) दिनांक–05.10.07 के अनुसार इस राशि की निकासी में महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है ।

विश्वासभाजन,

ह0 / –
(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव ।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक–

प्रतिलिपि– वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0 / –
सरकार के अपर सचिव,
भवन निर्माण विभाग ।

ज्ञापांक–　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक–

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0 / –
सरकार के अपर सचिव,
भवन निर्माण विभाग ।

ज्ञापांक– 393 (अ)　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30/3/26

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, पटना / मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना / अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक, भवन निर्माण विभाग, पटना / विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना / विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना / बजट पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी (बजट) / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

30/3/26
सरकार के अपर सचिव,
भवन निर्माण विभाग ।